कलराज मिश्र
राज्यपाल, राजस्थान

Kalraj Mishra
Governor, Rajasthan

संदेश

मुझे यह जानकर प्रसन्नता हुई है कि 'बोर्ड ऑफ स्कूलिंग एण्ड स्किल एजूकेशन', सिक्किम द्वारा अपने प्रथम स्थापना दिवस पर 'राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 : समग्र समावेशी गुणवत्तापूर्ण विद्यालयी शिक्षा की ओर भारत' विषयक कॉन्फ्रेन्स का आयोजन किया गया है और इस अवसर पर एक स्मारिका का प्रकाशन किया जा रहा है।

देश की नई शिक्षा नीति में विद्यालयी स्तर पर व्यावहारिक शिक्षा के साथ विद्यार्थियों के चारित्रिक गुणों के विकास को केन्द्र में रखकर शिक्षा प्रदान करने पर विशेष जोर दिया गया है। नई शिक्षा नीति का मूल यही है कि कैसे शिक्षा सर्वांगीण विकास की संवाहक बने। मैंने नई शिक्षा नीति का आद्योपांत पारायण किया है और यह पाया है कि नई शिक्षा नीति भविष्य के रुझानों के साथ–साथ, शिक्षा के जरिए किसी भी प्रकार के व्यवधानों का अनुकूलन करने, विकसित करने और प्रतिक्रिया देने के लिए अग्रणी होने पर ही केन्द्रित है। विद्यालयी स्तर पर क्षेत्रीय भाषाओं के संरक्षण के साथ सभी विषयों में कला–संस्कृति से जुड़े आयामों को सम्मिलित करते हुए नई शिक्षा नीति में अध्ययन को रूचिकर बनाने पर भी खास ध्यान दिया गया है।

मैं यह मानता हूं कि शिक्षा सिर्फ डिग्री प्राप्त करने या फिर किसी विशेष विषय का ज्ञानार्जन के लिए ही नहीं होती। यह वह क्षमता है जिसके जरिए आप बदली हुई परिस्थितियों में अपने आपको ढ़ालने में सक्षम होते हैं।

मुक्त विद्यालय की परिकल्पना भी इसीलिए की गयी है कि किसी कारण से जो लोग औपचारिक शिक्षा से वचित हैं, या फिर किसी व्यवसाय या नौकरी कार्य से संबद्ध हैं–वे भी शिक्षा की मूलधारा से जुड़ सके। सुखद है मुक्त विद्यालयी बोर्ड एवं क्षमता संवर्द्धन शिक्षा के जरिए पूर्वांचल प्रदेश सिक्किम में शैक्षिक विकास की उज्ज्वल राहों का सृजन किया जा रहा है।

प्रथम स्थापना दिवस के लिए मेरी स्वस्तिकामना है।

कलराज मिश्र
(कलराज मिश्र)

राज भवन, सिविल लाइन्स, जयपुर–302006
Raj Bhawan, Civil Lines, Jaipur-302006
दूरभाष : 0141–2228716–19, 2228611–12, 2228722